# हाई लेवल प्लेटफॉर्म व स्टेशनों पर ओवरब्रिज का शिलान्यास

**पिंडवाडा।** जालोर सांसद देवजी एम पटेल ने मंगलवार को पिंडवाड़ा स्टेशन पर मावल, भिमाना,किंवरली और मोरथला पर हाई लेवल प्लेटफॉर्म तथा बनास, पिंडवाड़ा और केशवगंज स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास समाराम गरासिया, विधायक पिंडवाड़ा की मौजूदगी में किया गया।

इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकुर जैन तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कमल शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। 4.20 करोड़ रुपए की कुल लागत से मावल, भिमाना,किंवरली और मोरथला स्टेशन के प्लेटफार्म को मीडियम लेवल से हाई लेवल प्लेटफोर्म में बदला जाएगा। 6.15 करोड़ रुपए की कुल लागत से बनास, पिंडवाड़ा और केशवगंज स्टेशन पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित जाने में सुविधा होगी। इसी प्रकार भारतीय रेल में हाई लेवल प्लेटफार्म की आवश्यकता महसूस की गई है क्योंकि रेल के डिब्बे का निर्माण में बड़े आकार के पहियों, व्हील बेस(चक्का) और कई अन्य उपकरण जैसे ब्रेकिंग सिस्टम, बैटरी कपलिंग सिस्टम, और शॉक ओब्सेवर्स का उपयोग किया जाता है।



जिससे ट्रेन के डिब्बे की ऊंचाई सतह से लगभग 1 मीटर हो जाती है ऐसी स्थिति में लो लेवल प्लेटफार्म से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में असुविधा होती है। जबकि हाई लेवल प्लेटफार्म से यात्री ट्रेन में आसानी से चढ़ जाते हैं क्योंकि रेलवे प्लेटफार्म को ट्रेन के डिब्बे के गेट की सतह के लेवल में तैयार किया जाता है। इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता काषीराम रावल, नगर अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक रावल,पालिकाध्यक्ष सीमा भाटिया,उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेवाडा,पूर्व पालिका अध्यक्ष अचलसिंह बालिया सहित कई मौजूद थे।

# हाई लेवल प्लेटफार्म व फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास

पत्रिका
ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**पिण्डवाड़ा.** सांसद देवजी पटेल ने मंगलवार को यहां रेलवे स्टेशन पर मावल, भीमाणा, किंवरली और मोरथला के हाई लेवल प्लेटफार्म तथा बनास, पिण्डवाड़ा और केशवगंज स्टेशनों के फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में विधायक समाराम गरासिया, पिण्डवाड़ा पालिका अध्यक्ष सीमा भाटिया, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकुर जैन तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कमल शर्मा मौजूद थे। इस कार्य से वृद्ध, विकलांग व महिला यात्रियों को सुविधा होगी। सांसद ने अहमदाबाद से आबूरोड डेमू को पिण्डवाड़ा स्टेशन तक लाने की घोषणा की।



पिण्डवाड़ा में शिलान्यास कार्यक्रम में आए लोग। पत्रिका

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिम्मत पुरोहित, बलवीरसिंह गुजराल, राजेन्द्रसिंह, शांतिलाल रावल, किरण पुरोहित, अशोक रावल, हीरालाल चौधरी, नाथूलाल वछेठा, देवाराम मीणा, रतन गरासिया, अंशु वशिष्ठ, कालूराम सैन, धनाराम मीणा, अचलसिंह बालिया, नरेन्द्रसिंह डाबी, दुर्गाराम गरासिया, चतुर्भुज पुरोहित आदि उपस्थित थे।



## मावल, भिमाना, किंवरली, मोरथला पर हाईलेवल प्लेटफॉर्म

# बनास, पिंडवाड़ा, केशवगंज स्टेशनों पर एफओबी का शिलान्यास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिंडवाड़ा। सांसद देवजी एम. पटेल ने मंगलवार को पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर मावल, भिमाना, किंवरली और मोरथला पर हाई लेवल प्लेटफॉर्म तथा बनास, पिंडवाड़ा और केशवगंज स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास किया।**

कार्यक्रम में विधायक समाराम गरासिया, पालिका अध्यक्ष सीमा भाटिया, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकुर जैन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक कमल शर्मा की मौजूदगी रही। सासंद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 4.20 करोड़ रुपए की कुल लागत से मावल, भिमाना, किंवरली और मोरथला स्टेशन के प्लेटफार्म को मीडियम लेवल से हाई लेवल प्लेटफार्म में बदला जाएगा। इसी तरह 6.15 करोड़ रुपए की कुल लागत से पिंडवाड़ा, बनास और केशवगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। जिससे वृद्ध, विकलांग व महिला यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से जाने में सुविधा होगी। इसी प्रकार भारतीय रेल में हाई लेवल प्लेटफार्म की आवश्यकता महसूस की गई है। ऐसी स्थिति में लो लेवल प्लेटफार्म से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में असुविधा होती है। जबकि हाई लेवल प्लेटफार्म से यात्री ट्रेन में आसानी से सवार हो सकते हैं क्योंकि रेलवे प्लेटफार्म को ट्रेन के डिब्बे के गेट की सतह के लेवल में तैयार किया जाता है। साथ ही हाई लेवल प्लेटफार्म सुरक्षा की दृष्टि से भी लाभदायक है क्योंकि इसके द्वारा रेल दुर्घटनाओं में कमी आती है। क्योंकि प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रेन के बीच गैप कम होता है। जिससे यात्रियों के गिरने की संभावना कम होती है। सांसद ने समारोह में अहमदाबाद से आबूरोड तक आने वाली डीएमयू को पिंडवाड़ा तक लाने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिम्मत पुरोहित, बलवीरसिंह गुजराल, राजेन्द्रसिंह, शांतिलाल रावल, किरण पुरोहित, अशोक रावल, हीरालाल चौधरी, नाथूलाल वछेटा, देवाराम मीणा, रतन गरासिया, अंशु वशिष्ठ, कालूराम सेन, धन्नाराम मीणा, अचलसिंह बालिया, नरेन्द्रसिंह डाबी, दुर्गाराम गरासिया, चर्तुभुज पुरोहित व सैकड़ों गणमान्य नागरिक सहित आरपीएफ, जीआरपी के आलाधिकारी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।




**सांसद व विधायक रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तथा फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास करते हुए। पांडाल में मौजूद गणमान्य नागरिक व पदाधिकारीगण।**

# रेलवे कार्यों का शिलान्यास




**जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर मावल, भिमाना, किंवरली, मोरथला पर हाई लेवल प्लेटफॉर्म तथा बनास, पिंडवाड़ा और केशवगंज स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास विधायकसमाराम गरासिया, पालिका अध्यक्ष सीमा भाटिया, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकुर जैन , सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कमल शर्मा की मौजूदगी में किया।**

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने मंगलवार को पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर मावल, भिमाना, किंवरली और मोरथला पर हाई लेवल प्लेटफॉर्म तथा बनास, पिंडवाड़ा और केशवगंज स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास समाराम गरासिया विधायक पिंडवाड़-आबू, पालिका अध्यक्ष सीमा भाटिया, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकुर जैन तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कमल शर्मा की मौजूदगी में किया।

सासंद पटेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा की 4.20 करोड़ रूपये की कुल लागत से मावल, भिमाना,किंवरली और मोरथला स्टेशन के प्लेटफॉर्म को मीडियम लेवल से हाई लेवल प्लेटफॉर्म में बदला जायेगा तथा 6.15 करोड़ रुपये की कुल लागत से पिंडवाड़ा, बनास और केशवगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जायेगा। जिससे वृद्ध, विकलांग व महिला यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से जाने में सुविधा होगी। इसी प्रकार भारतीय रेल में हाई लेवल प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महसूस की गई है, क्योंकि रेल के डिब्बे का निर्माण में बड़े आकार के पहियों, व्हील बेस (चक्का) और कई अन्य उपकरण जैसे ब्रेकिंग सिस्टम, बैटरी कपलिंग सिस्टम, और शॉक ओब्सेवर्स का उपयोग किया जाता है। जिससे ट्रेन के डिब्बे की ऊंचाई सतह से लगभग एक मीटर हो जाती है, ऐसी स्थिति में लो लेवल प्लेटफॉर्म से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में असुविधा होती है। जबकि हाई लेवल प्लेटफॉर्म से यात्री ट्रेन में आसानी से सवार हो सकते है, क्योंकि रेलवे प्लेटफार्म को ट्रेन के डिब्बे के गेट की सतह के लेवल में तैयार किया जाता है। साथ ही हाई लेवल प्लेटफॉर्म सुरक्षा की दृष्टि से भी लाभदायक है, क्योंकि इसके द्वारा रेल दुर्घटनाओं में कमी आती है। प्लेटफोर्म और रेलवे ट्रेन के बीच गैप कम होता है, जिससे यात्रियों के गिरने की संभावना कम होती है। वहीं सांसद ने समारोह में अहमदाबाद से आबूरोड तक आने वाली डीएमओ को पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन तक लाने की घोषणा की।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिम्मत पुरोहित, बलवीरसिंह गुजराल, राजेन्द्रसिंह, शांतिलाल रावल,किरण पुरोहित, अशोक रावल, हिरालाल चौधरी, नाथुलाल बछेठा, देवाराम मीणा, रतन गरासिया, अंशु वशिष्ठ, कालुराम सेन, धनाराम मीणा, अचलसिंह बालिया, नरेन्द्रसिंह डाबी, दुर्गाराम गरासिया, चर्तुभुज पुरोहित सहित आरपीएफ, जीआरपी के आलाधिकारी व लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।